20 .06.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री–पश्चिम बंगाल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंग दिवस पर पश्चिम बंगाल के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पश्चिम बंगाल साहित्य, संगीत, कला, आध्यात्मिकता, विज्ञान, व्यापार, वाणिज्य और समाज सुधार के माध्यम से देश के इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान करने वाला राज्य है। यह दिवस राज्य के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। आज के ही दिन इस बात की पुष्टि हुई थी कि पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग बना रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस दिशा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अमूल्य भूमिका का भी उल्लेख किया।

आवास योजना–केंद्रीय मंत्री और सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खटटर ने आज इंदौर जिले के सांवेर में इंदौर–उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन किया। कॉरिडोर की लागत 2 हजार 935 करोड़ रुपये लंबाई 48 किलोमीटर है।

इसके पहले मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने उज्जैन में कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। यह परियोजना मां शिप्रा के जल को स्वच्छ व निर्मल बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नीट परीक्षा

भोपाल में कल दोपहर 2 बजे से शाम सवा 5 बजे तक होने वाली नीट परीक्षा को लेकर नगरीय यातायात पुलिस ने एडवायजरी जारी की है। शहर में परीक्षा के लिए कुल 32 केंद्र बनाए गए हैं और मेट्रो निर्माण कार्य के चलते कुछ मार्गों पर यातायात प्रभावित रहेगा, जिसके लिए वैकल्पिक मार्ग सुझाए गए हैं। पुलिस ने परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों और वाहन पार्किंग पर प्रतिबंध लगाया है। परीक्षार्थियों से समय से कम से कम 30 मिनट पहले केंद्र पहुंचने की अपील की गई है।

नर्मदापुरम में परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

योग दिवस–तैयारी

राज्य शासन ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए जिलेवार कार्यक्रमों की मुख्य अतिथि सूची जारी कर दी है। प्रदेश में जिला, विकासखंड और पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे, जिनमें विद्यालयों, महाविद्यालयों और तकनीकी शिक्षा संस्थानों की भागीदारी रहेगी। भारत सरकार ने इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी है।

आज भोपाल में बड़ा तालाब के बोट क्लब से लेकर टीटी नगर स्टेडियम तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें बडी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों और नागरिकों ने भाग लेकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया।

विवेक अग्रवाल–एफएटीएफ

मध्यप्रदेश कैडर के वरिष्ठ नौकरशाह विवेक अग्रवाल को वर्ष 2026–27 के लिए वित्तीय कार्रवाई कार्यबल का उपाध्यक्ष चुना गया है। वे ब्रिटेन के गाइल्स थॉमसन का स्थान लेंगे। श्री अग्रवाल वर्तमान में संस्कृति मंत्रालय में सचिव है। वे वित्तीय कार्रवाई कार्य बल में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर चुके हैं तथा धनशोधन और आतंकवाद के लिए धन मुहैया कराने पर अंकुश रखने वाली वैश्विक संस्था के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं।

आकाशवाणी–90 साल–पुस्तक विमोचन

आकाशवाणी की 90 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा के अवसर पर आकाशवाणी के उद्घोषकों द्वारा लिखी गई अनाउंसर्स डायरी पुस्तक का विमोचन आज भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में होगा। पुस्तक के प्रधान संपादक पुरुषोत्तम श्रीवास ने बताया कि इसमें 21 राज्यों के 41 उद्घोषकों के आलेख शामिल हैं। समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक प्रोफेसर डॉ. अमिताभ पांडेय होंगे, जबकि अध्यक्षता विविध भारती मुंबई के सेवानिवृत्त वरिष्ठ उद्घोषक जी. श्याम करेंगे।

मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक इस बार प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मानसून 8 से 10 दिन की देरी से 25 जून तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि सामान्यतः मानसून 15 जून के आसपास प्रवेश करता है। मौसम विभाग ने आज भोपाल–इंदौर समेत प्रदेश के 38 जिलों में आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है।

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग 26 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में 17 से 26 जून तक देशभर में नशा मुक्त भारत सप्ताह मना रहा है।

समाचार संक्षेप में :–

- नर्सिंग कॉलेज मान्यता फर्जीवाड़ा मामले में जबलपुर हाईकोर्ट ने 245 नर्सिंग कॉलेजों के सत्र 2021-22 के करीब 8 हजार छात्रों की परीक्षा कराने की अनुमति दे दी है।